दिन– बुधवार                                                                 दिनांक– 05 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से।                                                      अवधिः– 15 मिनट

---

01. भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए ने लोकसभा चुनाव में दो सौ बानवे सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया। दो सौ चालीस सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी।
02. राज्य की चालीस लोकसभा सीटों में से एनडीए ने तीस पर जीत दर्ज की। इंडी गठबंधन नौ सीटों पर विजयी।
03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस जीत को संविधान में विश्वास और सबका साथ–सबका विकास बताया।
04. और, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा नीट यूजी का परिणाम जारी किया। प्रदेश के चार छात्रों ने प्राप्त किये शत प्रतिशत अंक।

———————————————————————————

अठारहवीं लोकसभा के चुनाव में एनडीए ने 292 सीट पर जीत हासिल करने के साथ ही तीसरी बार सरकार बनाने के लिए बहुमत प्राप्त कर लिया है। 543 सीटों के चुनाव परिणाम में इंडी गठबंधन दो सौ तैंतीस सीटों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि 18 सीटों पर अन्य उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी परिणाम के अनुसार भाजपा 240 सीटें जीतकर सबसे बड़े दल के रूप में सामने आई है, जबकि कांग्रेस 99 सीटें जीतकर दूसरे स्थान पर है। समाजवादी पार्टी–37, तृणमूल कांग्रेस–29, डीएमके–22, तेलुगुदेशम पार्टी–16, जनता दल यूनाइटेड–12, शिवसेना उद्दव ठाकरे–9 सीट पर विजय रही है। वहीं, एनसीपी शरद पवार–8, शिवसेना शिंदे–7, लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास–5, आरजेडी और सीपीआईएम–चार–चार, आम आदमी पार्टी और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को तीन–तीन सीट पर जीत मिली है। जेडीएस, जनसेना, वीसीके, सीपीआई, सीपीआई एमएल और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने दो–दो सीट पर विजय प्राप्त की है।

———————————————————————————

वाराणसी से प्रधानमंत्री और भाजपा नेता नरेंद्र मोदी, गांधीनगर से केंद्रीय मंत्री अमित शाह, कोटा से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल, जोधपुर से गजेंद्र सिंह शेखावत, गुना से भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया, मैनपुरी सीट से डिंपल यादव और आसनसोल से टीएमसी के शत्रुघ्न सिन्हा ने जीत हासिल की है। वहीं, हारने वाले प्रमुख उम्मीदवारों में खूंटी से भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन

मुंडा, अमेठी से स्मृति ईरानी, बारामूला से नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला और अनंतनाग सीट से पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती शामिल हैं।

---

बिहार में लोकसभा की सभी 40 सीटों के परिणामों में भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड 12–12 सीटों पर विजयी रही है। लोक जनशक्ति पार्टी –रामविलास ने पांच, राष्ट्रीय जनता दल ने चार, कांग्रेस ने तीन और भाकपा–माले ने दो सीट जीती हैं। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने एक सीट पर जीत दर्ज की है। वहीं, विकासशील इंसान पार्टी को सभी तीन सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा को भी एक मात्र सीट काराकाट गंवा दी है।

---

भाजपा के विजयी उम्मीदवारों में पश्चिम चम्पारण सीट से डॉक्टर संजय जायसवाल, पूर्वी चम्पारण से राधा मोहन सिंह, बेगूसराय से गिरिराज सिंह, पटना साहिब से रविशंकर प्रसाद, उजियारपुर से नित्यानंद राय, नवादा से विवेक ठाकुर, महाराजगंज से जनार्दन सिंह सिग्रिवाल ने जीत प्राप्त की है। वहीं, सारण से राजीव प्रताप रूडी, मुजफ्फरपुर से राज भूषण चौधरी, मधुनबी से अशोक कुमार यादव, दरभंगा से गोपालजी ठाकुर और अररिया से प्रदीप कुमार सिंह भी सफल उम्मीदवारों में शामिल हैं। इधर, जदयू के विजयी उम्मीदवारों में वाल्मीकिनगर से सुनील कुमार, शिवहर से लवली आनंद, सीतामढ़ी से देवेश चन्द्र ठाकुर, गोपालगंज से डॉक्टर आलोक कुमार सुमन, सीवान से विजयलक्ष्मी देवी, झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, सुपौल से दिलेश्वर कामैत, मधेपुरा से निदेश चन्द्र यादव, भागलपुर से अजय कुमार मंडल, बांका से गिरिधारी यादव, मुंगेर से राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और नालंदा से कौशलेन्द्र कुमार ने जीत हासिल की है।

दूसरी ओर लोजपा रामविलास के सभी पांच उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। जिसमें हाजीपुर सीट से चिराग पासवान, जमुई से अरूण भारती, खगड़िया से राजेश वर्मा, समस्तीपुर से शांभवी चौधरी और वैशाली से वीणा देवी विजयी रही हैं। इसके साथ ही गया सीट पर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा–सेक्युलर के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी विजयी रहे हैं। इधर, राजद के विजयी उम्मीदवारों में पाटलिपुत्र से मीसा भारती, बक्सर से सुधाकर सिंह, जहानाबाद से सुरेन्द्र प्रसाद यादव और औरंगाबाद से अभय कुमार सिन्हा शामिल हैं। कांग्रेस के विजयी प्रत्याशियों में सासाराम से मनोज कुमार, कटिहार से तारिक अनवर और किशनगंज से मोहम्मद जावेद को सफलता मिली है। भाकपा–माले के दो उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। इनमें

काराकाट से राजा राम सिंह और आरा से सुदामा प्रसाद शामिल हैं। वहीं, निर्दलीय उम्मीदवार राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव पूर्णिया सीट से जीतने में सफल रहे हैं।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव में इस बार कई दिग्गज नेताओं को हार का सामना करना पड़ा है। इन नेताओं में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री आर.के. सिंह, पार्टी के वरिष्ठ नेता रामकृपाल यादव, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा शामिल हैं। वहीं, कई राजनीतिक परिवारों के उम्मीदवारों को भी चुनाव में असफलता मिली है। राज्य सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र और समस्तीपुर से कांग्रेस उम्मीदवार सन्नी हजारी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के पुत्र आकाश सिंह महाराजगंज से और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्य सारण से चुनाव हार गयी हैं। इधर, भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और गायक पवन सिंह को भी काराकाट संसदीय क्षेत्र से हार का सामना करना पड़ा है। पूर्णियां संसदीय सीट से राजद की बीमा भारती तीसरे स्थान पर रही हैं। उन्हें केवल बाईस हजार 9 सौ 89 मत प्राप्त हुये हैं।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लोगों ने लगातार तीसरी बार एनडीए पर विश्वास व्यक्त किया है और यह देश के इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इसे संविधान में विश्वास और सबका साथ सबका विकास के मंत्र की जीत बताया है।

———बाईट———

———————————————————————

बेगूसराय सीट से जीत हासिल करने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी की यह बड़ी जीत है।

———बाईट———

पटना साहिब सीट से विजय हासिल करने वाले में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री रविशंकर प्रसाद ने अपनी जीत के लिए जनता, पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया में एक नई चमक के साथ आगे बढ़ेगा।

———बाईट———

वहीं, पाटलिपुत्र संसदीय सीट से जीत प्राप्त करने वाली राजद की मीसा भारती ने अपनी जीत को जनता, महिलाओं और युवाओं की जीत बताया है।

———बाईट———

———————————————————————————

इस लोकसभा चुनाव में राज्य में उनतालीस महिला उम्मीदवारों में से पांच महिलाओं ने जीत दर्ज की है। इनमें जदयू से लवली आनंद और विजयलक्ष्मी देवी, राजद से मीसा भारती, लोजपा से वीणा सिंह और शाम्भवी चौधरी शामिल हैं। विजयलक्ष्मी, मीसा और शाम्भवी ने पहली बार जीत दर्ज की है। वहीं, शाम्भवी चौधरी इस जीत के साथ ही देश में सबसे कम उम्र की सांसद चुनी गयी हैं। मुजफ्फरपुर से भाजपा के राज भूषण चौधरी ने प्रदेश में सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के अजय निषाद को दो लाख तीस हजार से अधिक मतों के अंतर से पराजित किया। वहीं, सारण से भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूढ़ी को सबसे कम मतों के अन्तर से जीत प्राप्त हुई है। उन्होंने मात्र दस हजार दो सौ तैंतीस मतों के अन्तर से पहली बार चुनाव लड़ रही राजद की रोहिणी आचार्य को मात दी।

———————————————————————————

2024 के जनादेश में कई उम्मीदवारों ने लगातार जीत की हैट्रिक लगायी तो कई चूक गए। वहीं, एक ने जीत का चौका भी लगाया। एक रिपोर्ट....

———बाईट———

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों में किसी के हिस्से उत्साह है तो किसी के हिस्से हार की निराशा। राज्य के छह सांसदों ने जीत की हैट्रिक लगाई है जबकि 5 इस अवसर से चूक गए। उजियारपुर से केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय और ... बेगूसराय से केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जीत की हैट्रिक लगा दी है। पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर संजय जायसवाल पश्चिम चंपारण सीट से.... प्रदीप कुमार सिंह अररिया से और .....महाराजगंज से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल भी हैट्रिक लगाने में सफल रहे है। लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने पिछली दो जीत जमुई सीट से दर्ज करने के बाद इस बार हाजीपुर सीट से विजयी तिकड़ी लगी दी। वहीं जदयू के कौशलेन्द्र कुमार ने नालंदा से जीत का चौका लगाया है। इधर, आरा सीट से केन्द्रीय मंत्री आर. के सिंह, पाटलिपुत्र सीट से रामकृपाल यादव और औरंगाबाद से सुशील कुमार सिंह बीजेपी के वे निवर्तमान सासंद है जिन्हें जनता ने लगातार तीसरी जीत से वंचित कर दिया। जदयू के संतोष कुशवाहा भी पूर्णिया सीट से जीत की हैट्रिक चूक गये हैं। वहीं मुजफ्फपुर से इस बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े अजय निषाद भी लगातार तीसरी जीत दर्ज नहीं कर सके। आकाशवाणी समाचार के लिए अनुपम कुमार

———————————————————————————

अगिआंव विधानसभा उपचुनाव में भाकपा—माले के शिव प्रकाश रंजन ने जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जदयू के प्रभुनाथ प्रसाद को 29 हजार से अधिक मतों से पराजित किया। गौरतलब है कि इस सीट से भाकपा—माले विधायक मनोज मंजिल को हत्या के एक मामले में सजा सुनाये जाने के बाद सीट खाली होने से उप चुनाव कराया गया था।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद एनडीए के वरिष्ठ नेताओं की आज नई दिल्ली में बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र

मोदी करेंगे। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, राजनाथ सिंह के साथ सहयोगी दल जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोजपा आर के चिराग पासवान तथा टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

———————————————————————————

चुनाव नतीजों के बाद इंडी गठबंधन ने भी आज नई दिल्ली में बैठक बुलाई है। यह बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर होगी। इसमें गठबंधन की आगे की रणनीति पर चर्चा होगी।

———————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा नीट यूजी का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में प्रदेश के चार समेत देशभर के सड़सठ छात्रों ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। इनमें बिहार के मजीन मंसूर, तथागत अवतार, ऋतिक राज और अभिनव किशन भी शामिल हैं। राज्य से कुल चौहत्तर हजार सात सौ तैंतालीस छात्रों ने सफलता प्राप्त की है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनाव परिणाम को शीर्ष खबर बनाया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– मोदी तीसरी पारी के लिए तैयार। अखबार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– एनडीए के इस कार्यकाल में देश कई बड़े और उत्तम फैसलों का न्या अध्याय लिखेगा।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– बहुमत के आंकड़े से चूकी भाजपा। मोदी ने कहा–यह रूकने और थमने का समय नहीं।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–सबका कुछ न कुछ दरका।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए ने लोकसभा चुनाव में दो सौ बानवे सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया। दो सौ चालीस सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी।
02. राज्य की चालीस लोकसभा सीटों में से एनडीए ने तीस पर जीत दर्ज की। इंडी गठबंधन नौ सीटों पर विजयी।
03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस जीत को संविधान में विश्वास और सबका साथ–सबका विकास बताया।
04. और, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा नीट यूजी का परिणाम जारी किया। प्रदेश के चार छात्रों ने प्राप्त किये शत प्रतिशत अंक।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।